# परिशिष्ट

Consumable Booklet
of
# T C W
(Hindi Version)

T.M.No. 458715

Prof.Baqer Mehdi (*New Delhi*)

| **कृपया निम्न सूचनाएँ भरियें:** | |
|---|---|
| नाम ---------------------------------- | आयु -------------------------- |
| कक्षा ------------------------------------- | विद्यालय ---------------------- |
| पिता/अभिभावक का नाम --------------- | व्यवसाय ---------------------- |
| घर का पता --------------------------- | दिनांक ------------------------ |

## निर्देश

जीवन में नवीनता, मौलिकता एवं रचनात्मक योग्यता का बडा महत्व है। जीवन की प्रत्येंक नई खोज मनुष्य के नये ढंग से सोचने की योग्यता का परिणाम है। संसार क बहुत सी ऐसी वस्तुएँ है जिन्हें नये-नयें विचारों द्वारा अनोखी तथा उपयोगी बनाया जा सकता है। ऐसी योग्यता रखने वाले व्यक्त्यिों ने नई-नई खोजे तथा अष्किार कियें है। आगें के पृष्ठों पर कुछ ऐसी समस्याएँ दी गई है जिन्हें यदि आप विचारात्मक एवं सृजनात्मक ढंग से हल करने का प्रयत्न करेगें तो आप बहुत से नवीन तथा रोचक उत्तर देने में सफल हो सकेगे। आपको इन कार्यों को करने में आनन्द आयेगा।

1. ये कार्य दिन प्रतिदिन की समस्याओं से सम्बंधित हैं, इनका कोई सही या गलत उत्तर नही है। देखना यह है कि आप कहाँ तक ऐसी नई एवं अनोखी बातें सोचते है जो आपके विचार में आपके साथी नही सोच सकते। वास्तव में विचित्र एवं नवीन उत्तर देने से ही यह पता लग सकेगा कि आप में वस्तुओ को नये ढंग से सोचने की कितनी योग्यता है, अतः जितने भी अधिक नये एवं रोचक विचार आयें लिखते जाइये, चाहे वे असम्भव ही क्यों न मालूम होते हो।

2. इस पत्रिका में आपको चार प्रकार के कार्य करने को दिये गये है। सुविधा के लिए प्रत्येक कार्य का अलग–अलग समय निश्चित है; जहाँ तक सम्भव हो सीघ्रता से उत्तर दीजिए। यदि आप किसी कार्य को निश्चित समय से पूर्व कर लेते है तो भी जब तक आपसे अगले कार्य के लिए न कहा जाए, आगे न बढें बल्कि उसी कार्य के बारे में शान्ति पूर्वक सोचते रहें और जो भी नया विचार आपके मन में आयें, उसे भी लिख दे। अन्त में पाँच मिनट का समय और दिया जायेगा। यदि आपके मन में किसी भी प्रश्न के किसी भाग के बारें मे कोई नवीन विचार आया है जिसे आप पहले नही लिख पाये थें, तो उसे इस समय मुें लिख सकतें है।

3. प्रत्येक कार्य के हर भाग का उत्तर अवश्य दीजिए : जब आपसे कार्य आरंभ करने को कहा जाये तो तुरन्त शेरू कर दीजिएं। यदि आपको कोई बात पूछनी हो तो इस समय पूछ लीजिये। यदि इस समय काई कठिनाई नही है और बाद में कोई कठिनाई आये तो शान्तिपूर्वक अपने स्थान से हाथ उठायें ताकि आपकी कठिनाई दूर की जा सके।

## कार्यः–1 यदि ऐसा हो जाये तो ...
## निर्देश

1. इस कार्य में नीचे तीन असम्भव बातें दी गई है जो कि कभी सत्य नही हो सकती है। आप केवल यह मान ले कि ऐसा हो गया है। तब आप सोचें कि ऐसा हो जाने पर क्या परिणाम हो सकते हैं।

2, प्रश्नों का उत्तर देते समय अपने ध्यान और और सोचने की शक्ति को पूरी तरह प्रयोग करने का प्रयत्न कीजिये और 15 मिनिट में आप जितने उत्तर दे सकते है, दीजियें। ऐसे उत्तर देने का प्रयत्न कीजि जो आपके विचार में आपके किसी साथी ने न सोचे हों।

3. उत्तर छोटे–छोटे वाक्यो मे देने का प्रयत्न कीजिये ताकि दिये हुये समय में आप अधिक से अधिक लिख सकें।

4. याद रखिये आपको 15 मिनट में इस कार्य की तीनों समस्याओ के विषय में लिखना है। जब पहले प्रश्न के विषय में कोई उत्तर समझ में न आये तो आप तुरन्त दूसरे प्रश्न को हल करना शुरू कर दीजिये । अगर बीच मे या बाद मे पहले प्रश्न के विषय में कोई नया उत्तर ध्यान में आये तो उसे भी पहले उत्तरों के साथ लिख दीजिये। आपकी सुविधा के लिये हर 5 मिनट समाप्त होने पर आपको बता दिया जायेगा।

5. जब आपसे कार्य आरम्भ करने को कहा जाये तो तुरन्त शुरू कर दीजिये।

*नीचे एक उदाहरण दिया जा रहा है जिससे स्पष्ट हो जायेगा कि आपको क्या करना है:–*

**प्रश्न –** यदि पशु–पक्षी भी मनुष्य के समान बोलने लगें तो क्या होगा?

**उत्तर –** (1) यह संसार एक विभिन्न प्रकार का संसार दिखायी देगा।

(2) पशुओं के राज्य में बहुत से नेता उत्पन्न होगे।

(3) सम्भव है कि एक गधा हमारा नेता हो जायें।

(4) यह भी संभव हैं कि वह हमारा प्रधान मन्त्री बन जायें।

(5) मनुष्य अपने पशु–मित्रों को अपना राजदार (विश्वस्त) बना लें।

और (6) पशु भी अपने भेद अपने मनुष्य–मित्रों से कह सकेंगे; आदि।

## समस्याएँ :–

1. यदि मनुष्य पक्षियों की भाँति उड़ने लगे तो क्या होगा?
2. यदि आपके विघालय मे पहिये लग जायें तो क्या होगा?
3. यदि मनुष्य को खाने की आवश्यकता न पड़ें तो क्या होगा?

## कार्य :2 वस्तुओं के नये-नये प्रयोग

### निर्देश

1. इस कार्य में तीन वस्तुओं के नाम दिये गये हैं जिनको कई और तरीको से प्रयोग किया जा सकता है। आपको इनमे से प्रत्येक के नये-नये, विचित्र तथा रोचक प्रयोग अधिक संख्या मे लिखने है। प्रयोग साधारण हों या असाधारण, आप सबको लिखियें। यदि आप नये नये और असाधारण प्रयोग जिन्हें आपके साथी आसानी से नही सोच सकते। लिखिगे तो उससे तो उसमें यह मालूम हो सकेगा कि आप में वस्तुओं को नये ढंग से सोचने की कितनी योग्यता है।
2. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर देना अनिवार्य है।
3. तीनों वस्तुओं के बारे मे लिखने के लिये आपको 12 मिनट का समय दिया जायेगा। जब आप एक वस्तु लिख चुकें तो तुरन्त दूसरी वस्तु के प्रयोग लिखना आरम्भ कर दीजिये। बीच में या बाद में यदि कोई अन्य प्रयोग पहली वस्तु के वारे मे याद आ जाये तो उसे भी लिख दीजिये। उत्तर छोटे-छोटे वाक्यों में लिखिये ताकि आप अधिक से अधिक प्रयोग लिख सकें। हर चार मिनट समाप्त होने पर आपको बात दिया जायेगा।
4. जब आपसे कार्य आरम्भ करने के लिए कहा जाये तो तुरन्त कर दीजियें।

*नीचे दिये उदाहरण से आपकी समझ में आ जायेगा कि आपको क्या करना है:-*

**उदाहरण** – समाचार–पत्र

प्रयोग– (1) समाचार पढ़ने के लिये

(2) धूप से बचने के लिये

(3) बच्चों के खेलने की चीजे बनानें के लिये

(4) लपेटने के लिये

(5) रददी कागज जमा करने के लिये

(6) गन्दे स्थान को ढकने के लिये; आदि

## समस्याएँः–

1. पत्थर का टुकडा
2. लकडी की एक छड़ी
3. पानी

# कार्य :3 नये सम्बन्ध पता लगाना

## निर्देश

नीचे कुछ शब्दों के जोडे दिये गये है जो आपस में कई प्रकार से सम्बन्धित हो सकते है। आपको यह सोचना है कि वे कितने प्रकार से आपस में सम्बन्ध रखते है। देखने में तो जोडे के दोनो शब्द अलग-अलग मालूम होते है लेकिन यदि ध्यान से देखा जाये तो नये-नये प्रकार के सम्बन्ध समझ में आ सकते हैं जितने भी सम्बन्ध आप सोच सकें उन्हें दिये हुये स्थान पर छोटे-छोटे वाक्यों में लिख दीजिये। देखना यह है कि आप कितने अधिक और नवीन सम्बन्ध सोचकर लिख सकते है।

आपको इस कार्य के लिए 15 मिनट का समय दिया जायेगा। आपको वस्तुओं के सभी जोडों के बारे मे विचार लिखने है। अतः जहाँ तक सम्भव हो उत्तर शीघ्रता से दीजिये। हर पाँच मिनट समाप्त होने पर आपको बता दिया जायेगा। जब आपसे कार्य आरम्भ करने को कहा जाये तो तुरन्त आरम्भ कर दीजिये।

नीचे दिये उदाहरण में यह स्पष्ट हो जायेगा कि आपको क्या करना हैः-

उदाहरण - आदमी और जानवर

उत्तर- (1) आदमी और जानवर दोनों में जीवन होता है।

(2) दोनो को भोजन-पानी की आवश्यकता होती है।

(3) दोनों को रोग हो सकते है।

(4) दोनों को शत्रु का डर रहता है।

(5) दोनों को सर्दी-गर्मी का अनुभव होता है।

(6) दोनों अपने रहने की व्यवस्था करते है; आदि।

समस्याएँ :-

1. पेड़ और मकान

2. कुर्सी और सीढ़ी (नसैनी)

3. हवा और पानी

## *कार्य :4 वस्तुओं को मनोरंजक तथा विचित्र बनाना*

### *निर्देश*

आपने घोड़े का खिलौना तो देखा ही होगा। अन्य जानवरों के भी खिलौने होते है जिनसे बच्चे बडी प्रसन्नता से खेलते है। साधारणतया ये खिलौने छोटे आकार के होते है ताकि बच्चे उनसे आसानी से खेल सकें । आप घोड़े के एक सादे खिलौने को ध्यान में रखिये और फिर नीचे उप अनोखे तथा मनोरंजक तरीको को लिखिये जिनके द्वारा आप इस खिलौने में ऐसे परिवर्तन ला सकें निसे बच्चों को इन खिलौनों में ऐसे परिवर्तन ला सके जिससे बच्चों को खेलने में अधिक आनन्द आले लगें। इस बात की परवाह मत कीजिये कि इस पकार के परिवर्तन पर क्या लागत आयेगी । आपको केवल यह सोचना है कि खिलौने बच्चों के लिये किस तरह अधिक से अधिक मनोरंजक तथा विचित्र बनाया जा सकता है।

जब आपसे कार्य आरम्भ करने को कहा जाये तो तुरन्त कार्य आरम्भ कर दीजिये। आपको इस कार्य के लिये 6 मिनट का समय दिया जायेगा।

(सर्वाधिकार सुरक्षित है)

गोपनीय

# मानसिक योग्यता की सामूहिक परीक्षा (72)

(यह पुस्तिका किसी अनाधिकारी के हाथों में न जानी चाहिए) (आवृत्ति 78)

इस प्रश्न-पुस्तिका के सभी उत्तरों को केवल उत्तर-पत्र पर ही लिखना होगा।
इस परीक्षा पुस्तिका पर कुछ लिखना या चिन्ह न बनाना चाहिए।

प्रारम्भिक आदेश

हम आपकी सामान्य मानसिक योग्यता की परीक्षा करना चाहते हैं।
केवल 20 मिनट का समय है। आपके सामने 100 प्रश्न आयेंगे।

इस परीक्षा के आरम्भ होने से पहले इसमें दिए गए सब प्रकार के प्रश्नों और उनके उत्तर लिखने की विधि को उदाहरण और अभ्यास द्वारा समझाया जायेगा। हमें आशा है कि आपको उचित सफलता मिलेगी। सभी प्रश्न साधारण भाषा में हैं। प्रत्येक प्रश्न के दोनों ओर प्रश्न की क्रमिक संख्या छपी है। प्रायः सभी प्रश्नों के कुछ संभव वैकल्पिक उत्तर भी दिए गए हैं। हर एक वैकल्पिक उत्तर की संख्या भी उसके साथ छपी है। आपको हर प्रश्न को समझ कर केवल उसके सही उत्तर को चुनना है, तथा उस उत्तर की संख्या को तत्काल उत्तर पत्र के क्रम अनुसार उचित स्थान पर लिखना है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर केवल संख्या में देना है। अर्थात अक्षरों में कुछ नहीं लिखना है।


ध्यान रखें प्रत्येक प्रश्न का एक ही ठीक उत्तर है। समय अधिक नहीं है। सब प्रश्नों का सही उत्तर बहुत कम लोग दे सकते हैं। अतएव आपको खूब शीघ्रता से काम करना चाहिए। और अधिक से अधिक सही प्रश्नों के उत्तर देने का प्रयास करना चाहिए। अगर कोई प्रश्न आपको कठिन लगता है, तब उस पर सोच विचार में अधिक समय नष्ट न करें। उसे छोड़ दें, और अगले प्रश्न का उत्तर सोच कर तुरन्त उसके उचित स्थान पर लिखें। यदि अन्त में समय हो, तो अपने उत्तरों को दोहरा लीजिए तथा छूटे हुए प्रश्नों का हल सोच कर लिखिये।

× — × ×

आरम्भ करने की आज्ञा सुनकर ही आप प्रश्नों को पढ़ने और उत्तर लिखने का कार्य आरम्भ करें, और जितनी शीघ्रता से हो सके साफ उत्तर लिखिए।

एक बात और ध्यान रखिए इस प्रश्न पुस्तिका पर आपको कुछ नहीं लिखना है, और न इस पर किसी प्रकार का चिन्ह ही लगाना है।

केवल उत्तर-पत्र पर यथोचित स्थान में उत्तर की संख्या ही लिखनी है :



## मानसिक योग्यता की सामूहिक परीक्षा (78)

(उत्तर-पत्र पर क्रमांक के अनुकूल उचित उत्तर की संख्या लिखें) — प्रश्न संख्या ↓

1. प्रकाश का उलटा है, (1) छाया, (2) लैम्प, (2) धूप, (4) अन्धकार (1)
2. कृपा का अर्थ है, (1) धर्म, (2) कर्म, (3) दया, (4) दान (2)
3. पुलिस थाना चौबीस घण्टे खुला रहता है, क्योंकि, (1) पुलिस अधिकारियों को 24 घण्टे का वेतन मिलता है। (2) लूटमार और दंगे की घटनाएँ किसी समय हो सकती हैं। (3) पुलिस वालों को दिन रात की वरदियाँ मिलती हैं। (3)
4. मोटा का उलटा है, (1) छोटा, (2) पतला, (3) हलका, (4) परिश्रमी (4)
5. घर का अर्थ है, (1) छोटी, (2) परिवार, (3) मकान, (4) सर्व (5)
6. इन पाँच शब्दों में से बे-मेल शब्द का अंक उत्तर-पत्र में लिखें :—
   (1) प्लेट, (2) चम्मच, (3) प्याला, (4) पतीला, (5) केला (6)
7. भीतर का उलटा है, (1) बाहर, (2) खुला, (3) मैदान, (4) तौल (7)
8. विद्या का अर्थ है, (1) पुस्तक, (2) ज्ञान, (3) रहस्य, (4) विज्ञान (8)
9. लक्ष्मण से आयु में सीता बड़ी है, परन्तु लक्ष्मण से भरत छोटा है। तब इनमें से सबसे बड़ा कौन है ?
   (1) लक्ष्मण (2) भरत, (3) सीता (9)
10. साधु का उलटा है, (1) झगड़ा (2) दुष्ट (3) भजन (4) लड़का (10)
11. इन पाँच शब्दों में से बे-मेल शब्द का अंक उत्तर-पत्र पर लिखें :—
    (1) मोटर (2) साइकल, (3) तांगा (4) कार, (5) रेलगाड़ी (11)
12. विष का उलटा है, (1) मीठा, (2) औषध, (3) अमृत, (4) प्रिय (12)
13. रहमत से अनवर नाटा है किन्तु अनवर से हमीद नाटा है, तो सब से नाटा कौन है ?
    (1) रहमत (2) हमीद, (3) अनवर (13)
14. बलवान का अर्थ है, (1) मोटा, (2) धनवान, (3) महान, (4) शक्तिमान (14)
15. इन पाँच शब्दों में से बे-मेल शब्द का अंक उत्तर-पत्र पर लिखें :—
    (1) चम्पा (2) चमेली, (3) आम, (4) गेंदा, (5) गुलाब (15)
16. अर्जुन से कमला अधिक दौड़ती है, किन्तु चपला से कमला पीछे रह जाती है, तो सबसे अधिक तेज कौन दौड़ता है? (1) चपला (2) कमला, (3) अर्जुन (16)
17. इन पाँच शब्दों में से बे-मेल शब्द का अंक उत्तर-पत्र पर लिखें :—
    (1) मोटर (2) रिक्शा, (3) तांगा, (4) पैदल, (5) साइकल (17)
18. "मुख में राम बगल में छुरी" का अभिप्राय है, (1) राम राम कहने वाले सदा बगल में छुरी रखते हैं। (2) राम कहने से छुरी से रक्षा होती है। (3) अनेक दुष्ट लोग धर्म का पाखण्ड करते हैं। (18)
19. नीचे दिए संख्या-क्रम के अनुसार आगे की एक संख्या उत्तर-पत्र पर लिखें :— 8, 7, 6, 5, 4, 3, ... (19)
20. इन पाँच शब्दों में से बे-मेल शब्द का अंक उत्तर-पत्र पर लिखें :--
    (1) हृदय (2) जांघ, (3) कान, (4) नाक, (5) जीभ (20)

---

(पृष्ठ 21 के लिए देखिए पृष्ठ 2 (दूसरा) (शीघ्रता से कार्य करें)

(उत्तर-पत्र पर यथा-स्थान उचित उत्तर की संख्या लिखें :)

प्रश्न संख्या ↓

21. जूते चमड़े के इस लिए बनते हैं, (1) कि यह अधिक चलता है। (2) यह मृत पशु की खाल से बनता है। (3) यह सब देशों में पाया जाता है। (21)

22. नीचे दिए संख्या-क्रम के अनुसार आगे की एक संख्या उत्तर-पत्र पर लिखें :—1, 6, 11, 16, 21, 26 31 (22)

23. साँच को आँच नहीं होती, इसलिए कहते हैं कि (1) सच बोलने वाले को आग नहीं जलाती। (2) सच्चे की विजय होती है। (3) सच्चे आदमी के घर में आँच नहीं मिलती। (23)

24. नीचे दिए संख्या-क्रम के अनुसार आगे की एक संख्या उत्तर-पत्र पर लिखें :—3, 6, 9, 12, 15, 18 21 (24)

25. विदेश जाने के लिए लोग विमान यात्रा पसन्द करते हैं, इसलिए कि (1) इसमें थोड़ा समय लगता है। (2) यात्रा में खाने पीने का पूरा प्रबन्ध होता है। (3) वह हवा में धूल से ऊपर उड़ता है। (25)

26. इन पाँच शब्दों में से बे-मेल शब्द का अंक उत्तर-पत्र पर लिखें :—
(1) हाकी, (2) फुटबाल, (3) शतरंज, (4) क्रिकेट, (5) टेनिस (26)

27. पापी का मन सदा शंकित रहता है, इसलिए कि (1) उसको नरक का कष्ट भोगना पड़ेगा। (2) शंकित मन वाले पाप करते हैं। (3) पापी को पोल खुलने का डर रहता है। (27)

28. नीचे दिए संख्या-क्रम के अनुसार आगे की एक संख्या उत्तर-पत्र पर लिखें :—5, 11, 17, 23, 29, 35 .... (28)

29. एक देश में रेल की बहुत सी लाइनें होनी चाहिए, इसलिए कि (1) इन से माल और मनुष्यों के आने जाने में सुविधा होती है। (2) इनसे व्यापार को लाभ होता है। (3) इनके द्वारा देश में खाद्य पदार्थों का मूल्य कम हो जाता है। (29)

30. हीरा का अर्थ है, (1) मोती, (2) मूंगा, (3) पत्थर, (4) जवाहर, (30)

31. नीचे दिए संख्या-क्रम के अनुसार आगे की एक संख्या उत्तर-पत्र पर लिखें :—3, 12, 21, 30, 39, 48 .... (31)

32. इन पाँच शब्दों में से बे-मेल शब्द का अंक उत्तर-पत्र पर लिखें :
(1) कालीदास, (2) तुलसीदास, (2) जयशंकर प्रसाद, (4) बुद्ध, (5) टैगोर (32)

33. नीचे दिए संख्या-क्रम के अनुसार आगे की एक संख्या उत्तर-पत्र पर लिखें :—14, 17, 20, 23, 26, 29 .... (33)

34. घोड़ा : टाँग :: गाड़ी : (1) मालक, (2) पहिया, (3) सड़क, (4) छत, (34)

35. इन पाँच शब्दों में से बे-मेल शब्द का अंक उत्तर-पत्र लिखें।
(1) पास, (2) दूर, (3) परे, (4) यहाँ, (5) थोड़ा (35)

36. लिपिक : अध्यक्ष :: सैनिक : (1) मजदूर, (2) विक्रेता, (3) कप्तान, (4) चालक (36)

37. इन पाँच शब्दों में से बे-मेल शब्द का अंक उत्तर-पत्र पर लिखें :—
(1) खेलना, (2) सोना, (3) गाना, (4) दौड़ना, (5) नाचना (37)

38. तरल : ठोस :: पानी : (1) बरफ, (2) मछली, (3) तैरना, (4) स्नान (38)

39. नीचे दिये संख्या-क्रम के अनुसार आगे की एक संख्या उत्तर-पत्र पर लिखें :—1, 2, 4, 8, 16, 32, .... (39)

40. जनवरी : फरवरी :: जुलाई : (1) मार्च, (2) अगस्त, (3) रविवार, (4) जून (40)

[प्रश्न 41 के लिए पन्ना उलटिए, और देखिए पृष्ठ 3 (तीसरा)] (शीघ्रता से कार्य करें।)

उत्तर-संख्या ↓

41. नीचे दिए संख्या-क्रम के अनुसार आगे की एक संख्या उत्तर-पत्र पर लिखें :—21, 19, 17, 15, 13, 11 .... (41)

42. बहन : भाई :: मासी : (1) चाचा, (2) फूफा, (3) ताया, (4) मामा (42)

43. गोवर्धन की मोटाई चन्दन से कम है, और चन्दन से अधिक मोटा गिरधारी है, तो सब से दुबला कौन है ? (1) चन्दन, (2) गिरधारी, (3) गोवर्धन (43)

44 नीचे दिए संख्या-क्रम के अनुसार आगे की एक संख्या उत्तर-पत्र पर लिखें : 18, 16, 14, 12, 10, 8 .... (44)

45. हँसना : रोना :: बचपन : (1) बेवकूफ, (2) बुढ़ापा, (3) मारपीट, (4) हार (45)

46. इन पाँच शब्दों में से बे-मेल शब्द का अंक उत्तर-पत्र पर लिखें :—
(1) गाय, (2) भैंस, (3) घोड़ा, (4) भेड़, (5) बकरी, (46)

47. क्रूर का उलटा है, (1) सज्जन, (2) भला, (3) दयालु, (4) कठोर (47)

48. इन पाँच शब्दों में से बे-मेल शब्द का अंक उत्तर-पत्र पर लिखें :—
(1) कूदना, (2) फाँदना, (3) भागना, (4) खड़े रहना, (5) चलना (48)

49. पद्मा से रणजीत अच्छी सिलाई करता है, किन्तु पुष्पा से पद्मा अच्छा कार्य करती है। तब सिलाई में सबसे अच्छा कौन है ? (1) रणजीत (2) पद्मा (3) पुष्पा (49)

50. इन पाँच शब्दों में से बे-मेल शब्द का अंक उत्तर-पत्र पर लिखें :—
(1) मिट्टी, (2) लकड़ी, (3) गिलास, (4) कंकर, (5) पत्थर (50)

51. यत्न का उलटा है (1) वियोग, (2) उद्योग, (3) विश्राम, (4) आलस्य (51)

52. नीचे दिए संख्या क्रम के अनुसार आगे की एक संख्या उत्तर-पत्र पर लिखें : 78, 67, 56, 45, 34, 23 .... (52)

53. फल : सेब :: पुष्प : (1) अनार (2) बादाम (3) गुलाब (4) आलू (53)

54. मोहन से नाटा राम है। और किशन से नाटा राम है। तब सबसे कम लम्बा कौन है ?
(1) मोहन, (2) किशन, (3) राम (54)

55. नीचे दिए संख्या-क्रम के अनुसार आगे की एक संख्या उत्तर-पत्र पर लिखें :—5, 6, 8, 11, 15, 20 .... (55)

56. "झूठ के पाँव नहीं होते।" यह इस कारण कहा जाता है कि (1) लंगड़े मनुष्य बहुत झूठ बोलते हैं। (2) झूठे मनुष्य की पोल शीघ्र खुल जाया करती है। (3) झूठ बोलने वाले बहुत बार चलते समय ठोकर खाते हैं। (56)

57. नाव : मल्लाह :: मोटर : (1) स्वामी, (2) यात्री, (3) नगर, (4) चालक (57)

58. इन पाँच शब्दों में से बे-मेल शब्द का अंक उत्तर-पत्र पर लिखें :—
(1) खाट, (2) कुर्सी (3) प्लेट (4) सोफा (5) पीढ़ा (58)

59. मकान : ईंट :: सेना : (1) सिपाही, (2) पत्थर, (3) हथियार, (4) युद्ध (59)

60. नीचे दिए संख्या क्रम के अनुसार आगे की एक संख्या उत्तर-पत्र पर लिखें :—5, 6, 9, 10, 13, 14 .... (60)

---

[प्रश्न 61 के लिए देखिए पृष्ठ 4 (चौथा)] (शीघ्रता से कार्य करें)

61.
62.
63.
64.
65.
66.
67.
68.
69.
70.
71.
72.
73.
74.
75.
76.
77.
78.
79
80

(उत्तर पत्र पर यथा स्थान उचित उत्तर की संख्या लिखें) प्रश्न संख्या

संपादक : पत्रिका :: व्यापारी (1) बाजार, (2) विज्ञापन, (3) दुकान, (4) समाचार (61)

आश्चर्य का अर्थ है, (1) निराला, (2) विस्मय, (3) घबराहट, (4) अनुभव (62)

चन्द्रमा : पृथ्वी :: पृथ्वी (1) सागर, (2) मंगल-तारा, (3) सूर्य, (4) चाँदनी (63)

इन पाँच शब्दों में से बे-मेल शब्द की संख्या उत्तर-पत्र लिखें :—
(1) गोभी, (2) गाजर, (3) ककड़ी, (4) मूली, (5) धनिया (64)

सोना का अर्थ है, (1) कनक, (2) खाद, (3) धन, (4) माला (65)

नीचे दिए संख्या क्रम के अनुसार आगे की एक संख्या पत्र
पर लिखें :—9, 12, 14, 17, 19, 22 .... (66)

इन पाँच शब्दों में से बे-मेल शब्द का अंक उत्तर पत्र पर लिखें :—
(1) भूखा, (2) मरा, (3) प्यासा, (4) थका, (5) हारा (67)

सदाशिव से मुरारी लम्बा है। किन्तु मुरारी से वीरेन्द्र नाटा है। और त्रिलोकी से मुरारी नाटा है,
तो सब से लम्बा कौन है ? (1) सदाशिव, (2) मुरारी, (3) वीरेन्द्र, (4) त्रिलोकी (68)

वृक्ष : लता :: फल (1) फूल, (2) चम्पा, (3) मोतिया, (4) मौलसिरी (69)

नीचे दिए संख्या क्रम के अनुसार आगे की एक संख्या उत्तर-पत्र
पर लिखें :—8, 9, 12, 13, 16, 17 .... (70)

नेता : जनता :: अधिकारी : (1) चुनाव, (2) भाषण, (3) कर्मचारी, (4) निर्णय (71)

आलेखन-कला में राम से गार्गी चतुर है। किन्तु उसकी अपेक्षा सीता चतुर है। अतः सबसे
चतुर कौन है ? (1) गार्गी, (2) सीता, (3) राम (72)

इन पाँच शब्दों में से बे-मेल शब्द का अंक उत्तर-पत्र पर लिखें :—
(1) घोड़ा, (2) ऊँट, (3) कंगारू, (4) गधा, (5) बैल (73)

चित्र : खड़ा :: सिनेमा : (1) खाता, (2) चलता, (3) हँसता, (4) रोता (74)

नीचे दिए संख्या क्रम के अनुसार आगे की एक संख्या उत्तर-पत्र
पर लिखें :—29, 28, 26, 23, 19, 14 .... (75)

मेरे विचार में मंजु से सीता चतुर है। किन्तु कमला से रमा निस्सन्देह चतुर है। और सीता
से रमा मन्द है। तो सबसे चतुर कौन है ? (1) मंजु, (2) कमला, (3) रमा, (4) सीता (76)

नीचे दिए संख्या क्रम के अनुसार आगे की एक संख्या उत्तर पत्र
पर लिखें :—7, 8, 10, 13, 17, 22 .... (77)

सभ्यता का अर्थ है, (1) वस्त्र, (2) कला, (3) विज्ञान, (4) संस्कृति (78)

"जिसकी लाठी उसकी भैंस" कहने का अभिप्राय है कि (1) भैंस वाले के पास लाठी आवश्यक
होती है। (2) अधिक बलवान की बात सब को माननी पड़ती है। (3) लाठी देखकर भैंस
अधिक दूध देती है। (79)

जूलियट : रोमियो :: संयोगिता : (1) स्वयंवर, (2) जयचन्द
(3) पृथ्वीराज, (4) अकबर (80)

[प्रश्न 81 के लिए पन्ना उलटिए, देखिए पृष्ठ 5 (पाँचवीं)] (शीघ्रता से कार्य करें)

(उत्तर-पत्र पर यथा स्थान उचित उत्तर की संख्या लिखें) प्रश्न संख्या ↓

81. अनेक वर्षों तक हवाई जहाज सफल न हुए, क्योंकि (1) वे बहुत भारी बनाये जाते थे।
(2) उनके कल पुर्जे बहुत जटिल होते थे। (3) एक उत्तम इंजन नहीं बन पाया था। (81)

82. नीचे दिए संख्या क्रम के अनुसार आगे की एक संख्या उत्तर पत्र
पर लिखें :—4, 6, 9, 11, 14, 16 .... (82)

83. इन पाँच शब्दों में से बे-मेल शब्द का अंक उत्तर-पत्र पर लिखें :—
(1) चिड़िया, (2) तोता, (3) बुलबुल, (4) कबूतर, (5) उल्लू (83)

84. नीचे दिए संख्या क्रम के अनुसार आगे की एक संख्या उत्तर पत्र
पर लिखें :—8, 9, 11, 12, 14, 15 .... (84)

85. इन पाँच शब्दों में से बे-मेल शब्द का अंक उत्तर-पत्र पर लिखें :—
(1) मथुरा, (2) पुरी, (3) प्रयाग, (4) द्वारिका, (5) दिल्ली

86. दैनिक : मासिक :: पत्र : (1) कहानियाँ, (2) समाचार, (3) पत्रिका, (4) संवाद (86)

87. ऋण का उलटा है, (1) धन, (2) बचत, (3) बनिया, (4) व्यापार (87)

88. कोट : पैंट :: कुरता : (1) समाचार, (2) टोपी, (3) पाजामा, (4) पगड़ी (88)

89. विस्तृत का उलटा है, (1) विशाल, (2) कमरा, (3) पतला, (5) संकुचित (89)

90. पेन्सिल : चाक :: कापी (1) पुस्तक, (2) बोर्ड, (3) डाक, (4) लेख (90)

91. इन पाँच शब्दों में से बे-मेल शब्द का अंक उत्तर-पत्र पर लिखे :—
(1) पहर, (2) प्रभात, (3) घंटा, (4) मिनट, (5) क्षण (91)

92. नीचे दिए संख्या क्रम के अनुसार आगे की एक संख्या उत्तर पत्र
पर लिखें :—2, 3, 5, 6, 8, 9 .... (92)

93. श्वेत : हिम :: श्याम : (1) दिन, (2) चिड़िया, (3) कौवा, (4) रात (93)

94. नीचे दिए संख्या क्रम के अनुसार आगे की एक संख्या उत्तर पत्र
पर लिखें :—27, 27, 24, 21, 17, 12 .... (94)

95. विहंग का अर्थ है, (1) मोर, (2) पक्षी, (3) बड़ा, (4) निर्धन (95)

96. रमा की बुद्धि देवकी से प्रखर है, पर सीता की बुद्धि सावित्री से हीन है, किन्तु देवकी की
बुद्धि सावित्री से उत्तम है, तो सब से बुद्धिमान कौन है ?
(1) देवकी, (2) सीता, (3) रमा, (4) सावित्री (96)

97. इन पाँच शब्दों में से बे-मेल शब्द का अंक उत्तर पत्र पर लिखें :—
(1) हिमाचल, (2) केरल, (3) मेघालय, (4) भोपाल, (5) हरियाणा (97)

98. नाटा का उलटा है, (1) भारी, (2) लम्बा, (3) तगड़ा, (4) कठोर (98)

99. गरल का अर्थ है, (1) बुरा, (2) विष, (3) कड़वा, (4) तरल (99)

100. मकड़ी : मक्खी :: बिल्ली : (1) कुत्ता, (2) पिल्ला, (3) दूध, (4) चूहा (100)

---

(यदि समय बाकी है तो अपने उत्तरों को दोहराइये)